**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**26.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945जे**

**मुख्य समाचार**

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– चंबा ज़िले में एन.एच.पी.सी. की बिजली परियोजनाओं में विस्थापित हुए परिवारों को रोज़गार उपलब्ध करवाएगी सरकार।
- उद्योगों को रियायतें दिए जाने के मुद्दे पर विधानसभा में सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक– विपक्षी दल भाजपा ने सदन से किया वॉकआउट।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश से उद्योगों का हुआ पलायन।
- मुख्यमंत्री के खिलाफ प्रस्तावित विशेषाधिकार हनन नोटिस को विधानसभा अध्यक्ष ने नियमों का हवाला देते हुए किया अस्वीकार।
- प्रदेश में हुई भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित– 3 राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 6 सौ 77 सड़कें अवरूद्ध।

**प्रश्नकाल**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि चंबा जिले में एनएचपीसी की बिजली परियोजनाओं में विस्थापित हुए परिवारों को रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इस संबंध में एनएचपीसी को विस्थापित परिवारों की सूची भी दी है। सरकार का प्रयास है कि इन परिवारों को रोजगार मिले। मुख्यमंत्री शिमला में चल रहे विधानसभा के मॉनसून सत्र में प्रश्नकाल के दौरान विधायक नीरज नैय्यर के मूल और डॉ. हंसराज के अनुपूरक सवाल का जवाब दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि चंबा जिले में स्थापित बैरा स्यूल बिजली परियोजना 40 साल पूरा कर चुकी है। सरकार इसे अधिकृत करेगी और इसके लिए परियोजना प्रबंधन को नोटिस भी दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार हिमाचल के अधिकारों के साथ खड़ी है और दिसंबर माह में सभी परियोजनाओं की समीक्षा की जाएगी। विधायक केवल सिंह पठानिया के सवाल के जवाब में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश में जमीन की सेटलमेंट की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री को ऑनलाइन कर दिया गया है। प्रदेश विधानसभा में आज राज्य में उद्योगों को पूर्व भाजपा सरकार द्वारा दी गई कथित रियायतों के मुद्दे पर भारी हंगामा हुआ। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा उद्योगों को रियायतें दिए जाने के मुद्दे पर सदन में प्रश्नकाल के दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार नारेबाजी हुई और तीखी नोक–झोंक के बीच विपक्षी भाजपा ने सदन से वाकआउट किया। इस दौरान, मुख्यमंत्री ने मूल प्रश्न के उत्तर में दखल देते हुए कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने बद्दी–बरोटीवाला–नालागढ़ में कुछ उद्योगों को सभी नियमों को ताक पर रखकर न केवल जमीन का आवंटन किया, बल्कि अन्य सुविधाएं देकर प्रदेश के खजाने पर बेवजह बोझ डाला। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन कंपनियों को जहां एक रुपए प्रति वर्गमीटर के हिसाब से हजारों बीघा जमीन दे दी गई, वहीं, बिजली भी 10 वर्षों के लिए तीन रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से देने का करार किया गया। जबकि प्रदेश खुद सर्दियों में छह रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से बिजली खरीदता है। उन्होंने कहा कि इन कंपनियों को कस्टमाइज पैकेज के नाम पर स्टांप ड्यूटी में शतप्रतिशत की छूट दी गई। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आरोप लगाया कि यह कस्टमाइज पैकेज जनता के पैसे को लुटाने का पैकेज था। मुख्यमंत्री ने सदन में घोषणा की कि सरकार इस पैकेज की सारी जानकारी जुटाएगी और प्रदेश की संपदा लूटने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने इन कंपनियों को कस्टमाइज पैकेज के नाम पर दी गई छूट के फैसले पर फिर से विचार करने की बात भी कही।

***सरकार हर पहलू की जांच कर रही है जो भी इसमें घोटाला हुआ है उसकी जानकारी हम प्राप्त कर रहे हैं। जिस प्रदेश की संपदा को लुटा दिया जाए जिस प्रदेश में कानून के आड़***

***में भ्रष्टाचार किया जाए, यह पिछले समय 2021–22 में पूर्व उद्योग मंत्री जी द्वारा प्रोजेक्ट लाए गए। अभी तो ये शुरुवात है, और भी हम कई चीजें हम आने वाले समय में हम लायेंगे।***

मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि सरकार जल्द ही वर्ष 2019 की औद्योगिक नीति के स्थान पर नई औद्योगिक नीति लाएगी। इससे पूर्व, विधायक बिक्रम ठाकुर के मूल प्रश्न के उत्तर में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि पिछले करीब पौने तीन साल में प्रदेश में 2 हज़ार 8 सौ 53 करोड़ रुपए का औद्योगिक निवेश हुआ और 6 हज़ार 2 सौ 10 एमओयू साइन किए गए। उन्होंने कहा कि सिंगल विंडो क्लीयरेंस के माध्यम से 3 सौ 80 उद्योग लगाने को मंजूरी दी गई, जिसमें 5 हज़ार 8 सौ 91 करोड़ रुपए का निवेश होगा। उद्योग मंत्री ने कहा कि कुल मिलाकर प्रदेश में पिछले पौने तीन सालों में 20 हज़ार 6 सौ 55 करोड़ रुपए का निवेश आया है।

**जयराम ठाकुर**

इस बीच विधानसभा से वॉकआउट के बाद नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने के बाद औद्योगिक क्षेत्र को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के समय राज्य को मेडिकल डिवाइस पार्क और बल्क ड्रग पार्क मिले, लेकिन मौजूदा सरकार उद्योग बचाने में पूरी तरह विफल रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में कोई बड़ा उद्योग प्रदेश में स्थापित नहीं हुआ। उल्टा बिजली दरों में भारी बढ़ोतरी के कारण उद्योग हिमाचल से बाहर जा रहे हैं।

***जब से कांग्रेस हिमाचल प्रदेश में सत्ता में आई है। लगातार उद्योग यहां तो बंद हो रहे हैं या यहां से पलायन कर रहे हैं। इतना ही कहना चाहता हूं कि इंडस्ट्री का हिमाचल प्रदेश के विकास में बहुत बड़ा योगदान है बेरोजगारों को रोजगार देने का बहुत बड़ा आधार हुआ। बहुत बड़ा माध्यम है। आज जब प्राण का उत्तर जो इंडस्ट्री मिनिस्टर देने की कोशिश कर रहे तो वो टोटली कन्फ्यूज्ड थे ,वो सारी चीज को के कर के। वो अपनी बात को स्पष्ट नहीं कर पा रहे थे, आंकड़े कुछ बोल रहे थे । इसलिए जब बाद में जब मुख्यमंत्री ने देखा कि यह जवाब ठीक नहीं आ रहा है मुख्यमंत्री जी ने जब उत्तर दिया तो बिल्कुल भी विशुद्ध राजनीतिक दृष्टि से कहा और आज जो हाउस। से वॉकआउट करके आए हैं इसी मुद्दे को लेकर के।***

**विधानसभा अध्यक्ष**

विधायक सुधीर शर्मा की ओर से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के खिलाफ प्रस्तावित विशेषाधिकार हनन नोटिस को विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने नियमों का हवाला देते हुए अस्वीकार कर दिया है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें केवल डी.ओ. नोट के माध्यम से सुधीर शर्मा का पत्र प्राप्त हुआ, यह नोटिस नहीं है। विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाने के लिए नियमों का ज़िक्र करते हुए नोटिस दिया जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया है। नोटिस अस्वीकार होने के बाद सुधीर शर्मा ने अब एक बार फिर नियमों के तहत विशेषाधिकार हनन का नोटिस देने की बात कही है।

दूसरी तरफ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सुधीर शर्मा द्वारा दिए गए नोटिस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इसमें कोई सच्चाई नहीं है।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश भागों में लगातार हो रही बारिश से सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। भारी बारिश के चलते जगह–जगह भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं और प्रदेश में 3 राष्ट्रीय उच्चमार्गों सहित 6 सौ 77 सड़कें यातायात के लिए ठप हैं। इसके अलावा एक हज़ार 4 सौ 13 बिजली ट्रांसफार्मर और 4 सौ 20 पेयजल योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। कुल्लू ज़िला में बीते 2 दिनों के दौरान हुई भारी बारिश के चलते ब्यास नदी सहित अन्य नदी–नाले उफान पर हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू ज़िला संवाददाता..........

इस बीच मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज अनेक स्थानों पर भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है, जबकि कल 27 अगस्त को प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम के साफ बने रहने की संभावना जताई गई है।

## सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉक्टर सिकंदर कुमार ने आज पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल से उनके निवास स्थान समीरपुर में मुलाकात की। इस दौरान डॉ. सिकंदर कुमार ने प्रोफैसर धूमल के साथ संगठनात्मक और जनहित के विभिन्न मुद्दो पर चर्चा की। इस अवसर पर धूमल ने पार्टी कार्यकर्ताओं से संगठन के कार्यों को पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से करने का आह्वान किया।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– चंबा ज़िले में एन.एच.पी.सी. की बिजली परियोजनाओं में विस्थापित हुए परिवारों को रोज़गार उपलब्ध करवाएगी सरकार।
- उद्योगों को रियायतें दिए जाने के मुद्दे पर विधानसभा में सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक– विपक्षी दल भाजपा ने सदन से किया वॉकआउट।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश से उद्योगों का हुआ पलायन।
- मुख्यमंत्री के खिलाफ प्रस्तावित विशेषाधिकार हनन नोटिस को विधानसभा अध्यक्ष ने नियमों का हवाला देते हुए किया अस्वीकार।
- प्रदेश में हुई भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित– 3 राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 6 सौ 77 सड़कें अवरूद्ध।

---